# <u>कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई)</u>

## <u>मई 2020 माह हेतु सारांश</u>

**मई 2020 माह के महत्वपूर्ण कार्यक्रम निम्नलिखित हैं:**

1. पीएमकेवीवाई के अंतर्गत आने वाले आईटीआई और प्रशिक्षण केंद्र, जिन्हें कोविड -19 लॉकडाउन के कारण बंद कर दिया गया था, उन्हें खोलने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की गई है। पुन: खोलने, अकादमिक सत्र 2019-20 को पूरा करने और अकादमिक सत्र 2020-21 को शुरू करने के लिए एक कैलेंडर भी तैयार किया गया है।

2. कोविड-19 के दौरान, सभी निर्धारित बैठकें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गईं, जिसमें सचिव द्वारा साप्ताहिक समीक्षा बैठकें शामिल थीं। सामाजिक दूरी बनाए रखने तथा विसंक्रमण से संबंधित निर्धारित सभी एसओपी का पालन किया गया।

3. कोविड लॉकडाउन से मिली सीख के मद्देनजर, आगामी अकादमिक वर्ष से पीएमकेवीवाई के अंतर्गत तथा आईटीआई में मिश्रित प्रशिक्षण की ओर कदम उठाने के लिए एक बड़ा निर्णय लिया गया है। आईटीआई इकोसिस्टम के अंतर्गत, लगभग 80% छात्रों को कवर करने वाले 6 पाठ्यक्रमों को मिश्रित प्रशिक्षण में शिफ्ट करने के लिए चुना गया है। इसी प्रकार पीएमकेवीवाई के अंतर्गत अल्पावधि प्रशिक्षण में, 40 पाठ्यक्रमों को मिश्रित प्रशिक्षण में शिफ्ट करने के लिए चुना गया है।

4. प्रवासी श्रमिकों की वापसी हेतु रणनीतिक निर्णय लेने के लिए एक स्कीम तैयार की गई थी और माननीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री की अध्यक्षता में गठित मंत्रियों के समूह के समक्ष प्रस्तुत की गई थी।

5. तदनुसार, ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा समन्वित आत्मनिर्भर अभियान के एक भाग के रूप में, छह राज्यों के 116 जिलों में लौटने वाले प्रवासियों के कौशलीकरण तथा पुन: कौशलीकरण के लिए एक विस्तृत योजना तैयार की गई थी। कौशल मैपिंग की प्रक्रिया आरंभ करने के लिए जिला कलेक्टरों, मुख्य सचिवों और कौशल विकास विभागों के सचिवों को पहले ही पत्र लिखे जा चुके हैं।
6. नागर विमानन मंत्रालय के साथ भागीदारी में, इस मंत्रालय ने स्वदेश (नियोजनीयता सहायता हेतु कुशल कामगार आगमन डेटाबेस) स्कीम शुरू की है, जहां विदेश से लौटने वाले प्रवासियों के कौशल सेट बोर्डिंग के समय एकत्र किए जाते हैं। 01 जून तक पंजीकरण

की कुल संख्या 4260 थी। पहचाने गए शीर्ष सेक्टरों में तेल तथा गैस, निर्माण, पर्यटन और आतिथ्य, मोटर वाहन और विमानन थे। भारतीय राज्यों में शीर्ष पर केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, कर्नाटक और तेलंगाना थे।

7. तैयार की गई योजना के तहत की गई प्रगति की समीक्षा करने के लिए मंत्रिमंडल सचिव ने 27 मई को सचिवों के सेक्टरीय समूह (सामाजिक), जिसमें एमएसडीई भी शामिल है, की बैठक की अध्यक्षता की।

8. विदेशी संबद्धता हेतु बेहतर संभावना वाले विभिन्न देशों में आवश्यकता के अनुरूप स्वास्थ्य क्षेत्र के व्यावसायिक जॉब रोलों को पूरा करने के लिए कदम उठाए गए हैं। जर्मनी, स्वीडन, ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में जॉब रोलों की पहचान की गई है और मैपिंग की जा रही है, जो लगभग पूरी हो चुकी है। इसके अलावा, नीदरलैंड, स्विटजरलैंड और न्यूजीलैंड जैसे तीन देशों के संबंध में जॉब रोल की मैपिंग का काम चल रहा है।

9. जन शिक्षण संस्थान सहायता स्कीम के लिए भावी कार्य सुझाने के लिए सुश्री वन्दना कुमारी जेना, सेवानिवृत्त, आईएएस की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति का गठन इस निदेश के साथ किया गया है कि वह अपनी रिपोर्ट एक माह की अवधि के भीतर प्रस्तुत करे।

10. 40 सेक्टरों हेतु एक सेक्टरीय ट्रेड पाठ्यक्रम समिति (एसटीसीसी) का गठन अर्थव्यवस्था के विभिन्न सेक्टरों पर कार्य करने के लिए किया गया था तथा इसके अलावा, विशेष सेक्टर क्षेत्र की प्रशिक्षण प्रक्रियाओं, आकलन तथा प्रमाणन प्रणाली को मानकीकृत करने के साथ-साथ आईटीआई तथा एनएसटीआई के बड़े नेटवर्क का पुनरूर्द्धार करना है। यह जॉब रोलों तथा डीजीटी द्वारा प्रदान किए गए मौजूदा दीर्घावधि तथा अल्पावधि व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के टूल और उपकरणों की समीक्षा करेगी तथा उभरते क्षेत्रों अथवा उद्योगों की कौशल आवश्यकताओं में नए पाठ्यक्रमों का सुझाव तथा तैयार करेगी। प्रत्येक बैठक में 10 सेक्टरों को शामिल करते हुए अब तक चार बैठकें आयोजित की गई हैं।

11. डीजीटी द्वारा प्रशासित किए जा रहे प्रतिष्ठित ट्रेडों तथा एनएसडीसी द्वारा प्रशासित किए जा रहे वैकल्पिक ट्रेडों से संबंधित दो शिक्षुता पोर्टलों का एक शिक्षुता पोर्टल में एकीकरण किया गया।

12. विश्व बैंक ने 18 से 27 मई, 2020 तक चौथे कार्यान्वयन सहायता मिशन और संकल्प की मध्य सत्र समीक्षा की। इसने परियोजना की प्रगति (संवितरण सहित) की समीक्षा की और तदनुसार परियोजना की रेटिंग का संतोषजनक रूप से उन्नयन किया है।

13. अधोसंरचना मंत्रालयों अर्थात कृषि, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, एमएनआरई, आवासन और शहरी मामले, मानव संसाधन विकास, विद्युत मंत्रालय और अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड को 13.05.2020 को पत्र भेजे गए हैं, जो भारत सरकार की घोषणा के अनुसार अवसंरचना परियोजनाओं को पूरा करने की सुविधा प्रदान करने के लिए भावी कौशलीकरण आवश्यकता से संबंधित आंकड़े मांगने के संबंध में हैं। इससे मंत्रालय की भावी कौशल योजना में मदद मिलेगी।

14. ग्रामीण स्थानीय निकायों द्वारा पेयजल और स्वच्छता सेवाओं के प्रावधान पर विचार-विमर्श करने के लिए पंचायती राज मंत्रालय द्वारा 11 मई, 2020 को एक उच्च स्तरीय वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें एमएसडीई ने भी भाग लिया। एमएसडीई घटक का फोकस ग्राम पंचायत में कौशल विकास योजना, ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसरों और कुशल संसाधनों की आवश्यकता में वृद्धि पर है।

15. औद्योगिक मूल्य संवर्धन हेतु कौशल सुदृढ़ीकरण (स्ट्राइव) कार्यक्रम के तहत 11 आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों) ने कार्यक्रम में भाग लेने के लिए त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जो इस कार्यक्रम के अंतर्गत न्यूनतम अपेक्षित 200 की तुलना में कुल 261 हो गए हैं। इसके अतिरिक्त, विश्व बैंक सहायता प्राप्त परियोजना स्ट्राइव के पुनर्गठन मिशन को 5 मई, 2020 की वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पुनर्गठन के संदर्भ पर चर्चा करने और अंतिम रूप देने के लिए आयोजित किया गया था। साथ ही, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के शिल्प अनुदेशकों/प्रशिक्षकों हेतु भर्ती प्रारूप, प्रशिक्षण और कैरियर प्रगति नीति दस्तावेज को उनकी प्रतिक्रिया के लिए विभिन्न राज्यों के सचिवों के साथ साझा किया गया।

16. कौशल प्रबंधन सूचना प्रणाली (एसएमआईएस) पोर्टल का बीटा रन आरंभ किया गया था जिस पर अभी भी काम चल रहा है। इसके अंतर्गत, नियोजकों को, एक करोड़ से अधिक कुशल श्रमिकों के कार्य निर्वाह क्षमता और स्थान-वार आंकड़े माउस के एक क्लिक से उपलब्ध हो जाएंगे। इस पोर्टल को जून 2020 में आरंभ किए जाने की संभावना है।

17. अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई, जो एक श्रेष्ठ संस्थान है, द्वारा आयोजित एक हैकथॉन का एमएसडीई ने नेतृत्व किया और उसमें भाग लिया, जहां "हैंड्स ऑन प्रशिक्षण को

शिक्षा प्रणाली का प्राथमिक मोड होने के संदर्भ में, कौशल विकास में डिजिटल शिक्षण में चुनौतियां और समाधान'', चुनौती पेश की गई थी।

18. सचिव, एमएसडीई ने हितधारकों के साथ कई वेबिनार में भाग लिया, जिनमें से कुछ निम्नलिखित हैं:

क. एनएसडीसी, देआसरा फाउंडेशन, वृहत्त उद्यमशीलता हेतु वैश्विक गठबंधन (जीएएमई), और कौशल विकास तथा उद्यमशीलता हेतु नज केंद्र (सीएसडीई) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कौशल विकास तथा उद्यमशीलता कार्यक्रम, चर्चा 2020 में उद्घाटन भाषण, जिसमें लगभग 20,000 विशिष्ट आगंतुक थे, कोविड-19 के संबंध में कौशलीकरण क्षेत्र में चुनौतियों और रणनीतियों पर चर्चा की।

ख. 29 मई को "आकर्षक निवेश संबंधी उद्योग सहभागिता: भारत को उच्च कुशल प्रतिभा पूल के साथ एक विनिर्माण गंतव्य बनाना" से संबंधित सीआईआई की बैठक।

ग. सीआईआई ने “इसके लिए स्ट्राइव योजना पर उत्तर भारत डिजिटल सम्मेलन: मुख्य अनिवार्यताओं तथा आगे के रोडमैप” संबंधी बैठक की।

*******